PG ODD SEMESTER (NEP) EXAMINATION, 2022

HINDI
1st Semester

COURSE NO. HINCC – 503

(Bhakti Kavya)

Full Marks : 70
Pass Marks : 28

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दें

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 7x2=14

क. कबीर सूता क्या करै, जागि न जपै मुरारि ।
एक दिनां भी सोवणां, लम्बे पॉव पसारि ।।

ख. सारस जोरी किमि हरी मारि गएउ किन खग्गि।
झुरि झुरि पाँजरि धनि भई बिरह कै लागी अग्गि ।।

ग. तासु वचन अति सियहि सुहाने । दरश लागि लोचन अकुलाने ।
चली अग्र करि प्रियसखि सोई । प्रीति पुरातन लखै न कोई ।।

घ. निरगुन कौन देस को बासी?
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दे, बुझतिं साँच न हाँसी ।
को है जनक, कौन है जननि, कौन नारि, को दासी?
कैसे बरन, भेष है कैसौ, किहिं रस में अभिलाषी ?

ङ. आली री मेरे नयनन बान पड़ी।
चित्त चढ़ी मेरै माधुरी मूरत, उर बिच आन अड़ी ।।
कब की ठाडी पंथ निहारूँ, अपने भवन खड़ी ।।
कैसे प्राण पिया बिन राखूँ, जीवन मूल जड़ी ।।
मीराँ गिरधर हात बिकानी, लोग कहै बिगड़ी।।

2. कबीर के दार्शनिक विचार पर प्रकाश डालिए । 14

अथवा

"कबीर भाषा के डिक्टेटर थे।" कथन के आधार पर कबीर की भाषा का विवेचन कीजिए।

3. 'पद्मावत' के आधार पर जायसी का विरह वर्णन कीजिए। 14

अथवा

सूरदास के वात्सल्य की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

4. 'रामचरितमानस' के महाकाव्यत्व पर प्रकाश डालिए। 14

अथवा

विनय पत्रिका के आधार पर तुलसी की भक्ति पद्धति को स्पष्ट कीजिए।

5. "मीरा ने कृष्ण प्रेम को अपनी आत्माभिव्यक्ति के केन्द्रीय विषय के रूप में विकसित किया है।" कथन का विवेचन कीजिए। 14

अथवा

"मीरा के काव्य में पुरुषसत्तात्मकता और रूढ़िवादिता का तीखा विरोध मिलता है।" कथन के आधार पर मीरा की विद्रोह चेतना पर प्रकाश डालिए।

★★★